


Ludhiana Covid Update
New case -3
Active case -32
Home isolation -30


RNI No. PUNBIL/2014/59416

# यूटर्न टाईम
UTURN TIME

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA








VOL:01 | ISSUE:98 | SATURDAY, DATE: 23-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME


### आगजनी V/S राज-नीति : शहरियों की जान से 'खिलवाड़'

# स्टाफ, संसाधन से जूझते फायर-महकमे पर लदी है दुनिया-जहान की जिम्मेदारी


## लुधियाना की लाखों इमारतें, महज पांच हजार फायर सेफ्टी एनओसी वाली, बाकी तो बस...

लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। कागजों में घोड़े दौड़ाकर 'स्मार्ट-सिटी' बनाने की कला नगर निगम प्रशासन से बाखूबी सीख सकते हैं। मसलन, पंजाब की आर्थिक राजधानी कहलाने वाले इस महानगर में छोटी-बड़ी कमर्शियल इमारतों की तादाद करीब चार लाख है।

बीते पांच साल के दौरान इनमें से महज पांच हजार को ही फायर-एनओसी जारी हो सकी हैं। यानि अग्नि-सुरक्षा के मामले में हर साल सिर्फ एक हजार इमारतों की जांच का ही काम मुकम्मल हो सका। शायद निगम की इसी 'कछुआ-चाल' का नतीजा है कि शहर में बीते तीन हफ्तों के दौरान ही करीब तीस जगह छोटी-बड़ी आगजनी की घटनाएं हुई। सबसे चौंकाने वाला पहलू यही है कि जिन इमारतों में आग लगी, उनमें से चंद बड़ी इंडस्ट्रियल यूनिट्स को छोड़करर बाकी के पास एनओसी ही नहीं थी।







### मोहलत असली हल नहीं

जानकार एनओसी मामले में मोहलत देने को इसका असली हल नहीं मान रहे। उनकी दलील है कि जब एक महीने में महज 60 एप्लिकेशन ही आईं तो भला 15 दिन में क्या करिश्मा होगा। वैसे तो इसके बाद बिना एनओसी वाली इमारतों पर निगम जुर्माने के साथ सीलिंग की कार्रवाई करेगा।

### जुर्माना भारी, मगर आदेश बेअसर

बिना फायर सेफ्टी प्रबंध मिलने पर शिक्षण संस्थानों पर 50 हजार जुर्माना, सीलिंग की कार्रवाई तय है। निगम कमिश्नर के इस आदेश के बावजूद 30 दिनों के नोटिस को किसी भी शिक्षण संस्थान या कोचिंग सेंटर ने गंभीरता से नहीं लिया।

### हालात कितने खतरनाक

इस महानगर की चार लाख प्रॉपर्टीज में कॉमर्शियल, इंडस्ट्रियल, मेडिकल, एजुकेशनल कम कोचिंग सेंटर वाली इमारतें शामिल हैं। इनको पिछले महीने के दौरान ही निगम की फायर ब्रांच से एनओसी लेने के बारे में नोटिस जारी हुए थे। अब गौर करिए, एक महीने में सिर्फ 60 एप्लिकेशन, खास वजह फीस ज्यादा होना रही। सूत्रों की मानें तो निगम कमिश्नर प्रदीप सभरवाल ने यह फीडबैक मिलने पर डैडलाइन 15 दिन और बढ़ा दी। दूसरी तरफ जमीनी हकीकत जानिए, खुद निगम के एडिशनल कमिश्नर रिशीपाल सिंह ने बाकायदा जांच कराई तो पता चला कि साल 2016 से 2021 तक इंडस्ट्री विभाग ने 9239 इंडस्ट्री रजिस्टर्ड कीं। इनमें से सिर्फ 396 के पास ही एनओसी है। निगम की बिल्डिंग व फायर ब्रांच में तालमेल न होने का सबसे पुख्ता सबूत आगजनी के बाद जांच में मिलता है कि वहां कभी फायर सेफ्टी ऑडिट ही नहीं किया गया।

### कितना लाचार फायर-महकमा

इसे स्मार्ट-सिटी के तहत अपग्रेड पर 25 करोड़ खर्च होने हैं। इसके वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद दो साल बीतने के बाद भी 10 नए फायर टैंडर ही नहीं खरीदे गए। सबसे अहम सवाल कि आखिर एनओसी बनाने के काम में अड़चने क्या हैं तो इसका दो टूक जवाब तो जानकार बताते हैं कि निगम की बिल्डिंग ब्रांच व फायर-महकमे में आपसी तालमेल ही नहीं है। उस पर तुर्रा ये कि 20 लाख से ज्यादा शहरी-आबादी की हिफाजत फायर ब्रिगेड की 17 गाड़ियां, महज सौ से कम अधिकारी व मुलाजिम और 5 फायर स्टेशन ही हैं। मुलाजिमों में पचास तो कांट्रेक्ट वाले ही हैं। साल 1982 से महकमे में भर्ती नहीं हुई। नई भर्ती की बजाए केवल शहीद होने वालों की जगह ही भर्तियां हो पाती हैं। जबकि आगजनी से निपटने को ही इनकी टीम नाकाफी रहती है तो भला फायर एनओसी के लिए इनसे किस तरह काम करा पाना मुमकिन हैं। लोग भी एनओसी इसलिए नहीं लेते कि उसकी फीस उनके मुताबिक बहुत ज्यादा रखी गई है।

# फिरोजपुर से फायरिंग कर फरार शिशु गैंग के 5 गैंगस्टर काबू, 1 फरार

## ड्रग्स व स्मगलिंग मूवमेंट से जुड़े थे तार, आरोपियों से हथियार के अलावा स्कॉर्पियो बरामद, मॉल में घुसने की कर रहे थे कोशिश

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। शनिवार देर रात सिविलि लाइन इलाके में स्थित पवेलियन मॉल से फिरोजपुर के शिशु गैंग के चार गैंगस्टर दबोचे गये। जानकारी के अनुसार गैंगस्टर्स को मॉल में घुसपैठ के दौरान बेसमेंट से पकड़ा गया। गैंगस्टर्स से मौके पर हथियारों के अलावा स्कॉर्पियो कार भी बरामद की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए फिरोजपुर के एसएसपी चरनजीत सिंह सोहल ने बताया कि पकड़े गये गैंगस्टर फिरोजपुर के शिशु गैंग के सदस्य हैं जो काफी अपराधिक घटनाओं में नामजद हैं। शुक्रवार देर रात ये लोग फिरोजपुर में फायरिंग कर परार हुए थे। पुलिस 2-3 दिन से इनका पीछा कर रही थी इसी कश्मकश के दौरान शनिवार देर शाम उन्हें पविलियन मॉल में उन्हें काबू कर लिया गया। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर में 3-4 नटोरियस गैंग में से शिशु गैंग भी मुख्य है। फिरोजपुर व इसके आसपास के इलाके मों होने वाली घटनाओं में इनका काफी हिस्सा रहा है। वहीं बॉर्डर इलाका होने के कारण ड्रग व स्मगलिंग मूवमेंट में भी इनके हाथ होने के संकेत मिले हैं। पकड़े गये गैंगस्टर गिरोह का सरगना अपने आप को शिशु बताता है। जो कि शेरखान के इलाके का रहने वाला है एसएसपी सोहन ने बताया कि एक अप्रैल को अपनी पोस्टिंग के बाद उन्होंने सरकार द्वारा मिली हिदायतों पर काम करते हुए उन्होंने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले की जांच चल रही है।





मॉल अधिकारी मान गुरम ने पांच लोगों के गिरफ्तार होने की बात की है। उन्होंने कहा कि लगभग 2:30 बजे गैंगस्टर्स मॉल में घुसने के बाद फिल्म देखी। जबकि फिरोजपुर पुलिस पांच बजे के करीब मॉल में दाखिल हुई पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में इन्हें पहचाने के बाद गैगस्टर्स को दबोचा। फिर भीा एक गैंगस्ट्र भागने में सफल हो गया और पांच पकड़े गये।

### लॉ एंड सिर्फ ऑर्डर-ऑर्डर

लुधियाना आखिरकार पंजाब की आर्थिक राजधानी है और देश-दुनिया के नक्शे पर सूबे की नुमाइंगी करता है। ऐसे में यहां कानून-व्यवस्था कैसी है, इससे भी महानगर और राज्य की छवि दुनियाभर में बनती-बिगड़ती है। फिलहाल तो लगातार अपराधिक घटनाओं, खासतौर पर लूटपाट, चोरी-स्नेचिंग वगैरह से जो हालात बने हैं, उनको देखते हुए तो बस यही कह सकते हैं लॉ-सिस्टम यानि कानून-व्यवस्था का तो कहीं नहीं पता चल रहा, बस इस बारे में ऑर्डर दर ऑर्डर जरुर जारी होते नजर आते हैं। मसलन, महानगर में कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने के मकसद से कमिश्नरेट से नया फरमान जारी हुआ कि होटल-रेस्टोरेंट कारोबारी अपने प्रतिष्ठान रात को तय समय पर बंद करेंगे। दूसरी तरफ, रात ही नहीं, दिन में भी लूट-चोरियां व स्नेचिंग करने वाले अपराधी ही पुलिस के सिस्टम पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। जानकारों की राय तो यही है कि इस महानगर की तेजी से बढ़ती आबादी और बढ़ते अपराधों के मद्देनजर कम्युनिटी पुलिसिंग ही अपराधियों पर लगाम कसने के लिए असली समाधान है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

### लॉ एंड ऑर्डर? चोर तो फिर दे गए चुनौती

# शटर उखाड़ लाखों के गारमेंट समेटे चोरों ने दुकान में तो फेर दी 'झाड़ू'

**गाड़ी लेकर आए थे बेखौफ चोर**

**करीब 7 लाख का हुआ नुकसान**

लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। शहर में कानून-व्यवस्था सुधारने की मंशा से पुलिस ने दुकानें तय समय पर बंद कराने का जो फरमान जारी किया, उसका असर तो फिलहाल नहीं पत चला। इतना जरुर है कि रात में ही बेखौफ चोरों थाना डिवीजन सात में लगते इलाका गुरु नानक नगर में धावा बोलकर पुलिस को चुनौती दे डाली। शुक्रवार की रात करीब एक बजे तीन शातिर युवकों ने एक स्टोर का शटर उखाड़ लगभग सात लाख के रेडिमेड गारमेंट्स समेट ले गए। यहां काबिलेजिक्र है कि चोर इतने बेखौफ-शातिर थे कि बाकायदा बोलेरो गाड़ी से आए, स्टोर में सुबह चार बजे तक रहे और सीसीटीवी के तार काटने के साथ डीवीआर भी उठा ले गए। जबकि पुलिस का रवैया देखिए कि दो घंटे बाद आने के बावजूद हदबंदी में ही उलझ गई।

दुकान मालिक परमजीत के मुताबिक उनको तो सुबह छह बजे दुकान के पास में रहने वालों की फोन कॉल आई कि उनकी दुकान का सेंट्रल लॉक तोड़ किसी ने शटर उखाड़ दिया है। वह फौरन गांव खांसी कलां से स्टोर पर पहुंचे तो दुकान के अंदर दाखिल होते ही सिर पकड़कर बैठ गए। स्टोर के सभी रैक में रखे लाखों के गारमेंट्स चोर समेट ले गए थे।






### साथ की दुकान के कैमरे में 'कैद' हुए चोर

वारदात पड़ोस वाली दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी में दिखा कि करीब रात के सवा एक बजे तीन लोग बोलेरो गाड़ी में आए। शातिर चोरों के सिर पर लाइटें लगी थीं। चोरी करके सुबह चार बजे वापस बोलेरो गाड़ी में ही फरार हुए। वहीं, स्थानीय पुलिस का दावा है कि सूचना मिलते ही मौके पर गए और चोरों को जल्द गिरफ्तार कर लेंगे।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

### वीकेंड का मजा किरकिरा किया भीषण गर्मी ने

# कल से चलेगी लूं, सूरज उगलेगा आग

### ▸ तीन दिन गर्मी का कहर, पारा होगा 40 पार



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना। महानगर और आसपास के इलाकों में भी कल यानि 24 अप्रैल से गर्मी का कहर बढ़ने के साथ लूं चलने के आसार हैं। मौसम माहिरों की मानें तो मंगलवार 26 अप्रैल तक मौसम के ऐसे ही तल्ख तेवर बने रहने की आशंका है। वैसे तो शनिवार को भी मौसम ने अपने पूरे तेवर दिखाए। सुबह ही तीखी धूप निकलने के बाद दोपहर होने से पहले तापमान 35 डिग्री सेलसियस से पार हो चुका था। शहर की सड़कों पर आम दिनों की तरह भीड़-भाड़ कम ही नजर आई। हालांकि वीकेंड में लोग छुट्टी का आनंद लेने के लिए मॉल्स, मल्टीप्लेक्स और मार्केट्स में जाते हैं।

### हेल्थ एडवाइजरी भी जारी

हीट-वेव यानि लूं चलने के मद्देनजर सेहत महकमे ने भी एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सलाह दी गई है कि बिना जरुरत लोग दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक धूप में बाहर नहीं निकलें। इस दौरान गर्म हवाएं चलेगी, जिससे लोग लूं की चपेट में आ सकते हैं। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और पालतू जानवरों को धूप में कतई नहीं जाने दें। ऐसी गलती करने पर उनकी सेहत बिगड़ सकती है।

# सरकार ने जुगाड़ू मोटरसाइकिल को बंद करने के दिए आदेश लिए वापस



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। शनिवार को सरकार द्वारा जुगाड़ू मोटरसाइकिल को बंद करने के दिए आदेशको वापस ले लिया गया है। अभी कुछ दिन ही पहले एडीजीपी ट्रैफिक द्वारा पूरे पंजाब में जुगाड़ू मोटरसाइकिलों को बंद करने के आदेश दिये गये थे। इसको लेकर पूरे पंजाब में जुगाड़ू मोटरसाइकिल से काम करने वाले लोगों में काफ रोष देखने को मिला था। इसको लेकर आज लुधियाना में प्रदर्शन भी हुआ और बठिंडा में एमएलए की कोठी के बाहर सभी जुगाड़ू मोटरसाइकिलों ने अपनी गाड़ियां इकट्ठी कर धरना प्रदर्शन भी किया। इस आदेश को देखते हुए विपक्ष ने भी आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरा। इन सभी परिस्थितियों के देखते हुए आज देर शाम को सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए जुगाड़ू मोटरसाइकिलों को न बंद करने का फैसला लिया है। और सरकार ने कहा कि हम कोई भी ऐसा फैसला नहीं लेंगे जिससे जनता को नुकसान हो।

## बुडढा नाला की सफाई के लिए टास्क फोर्स पद से सतगुरु उदय सिंह ने दिया इस्तीफा



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। बुड्ढा नाला न केवल लुधियाना बल्कि पूरे क्षेत्र की एक बड़ी समस्या है। और धर्मगुरुओं को भैनी साहिब, लुधियाना से नामधारी संप्रदाय के प्रमुख सतगुरु उदय सिंह के नेतृत्व में टास्क फोर्स का हिस्सा बनाया गया। लेकिन बुड्ढा नाले की सफाई के लिए लंबे संघर्ष के बाद, सतगुरु उदय सिंह ने अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अपना इस्तीफा सौंप दिया है और बुड्ढा नाले की सफाई के लिए टास्क फोर्स को छोड़ दिया है, जिसकी पुष्टि उनके पीए ने की थी। बुड्ढा नाला न केवल लोगों के लिए बीमारियों का एक प्रमुख कारण रहा है बल्कि राजनीति की रीढ़ भी रहा है। बुड्ढा नाला के मुद्दे पर भी राजनीति होती रही है।

## गरीब कल्याण अन्न योजना संबंधी मीटिंग संपन्न



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। शनिवार फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआइ) द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन डिविजनल मैनेजर एससीआइ देविंदर कनिहार के नेतृत्व में विभाग के गिल रोड डिविजनल ऑफिस में संपन्न हुआ। मीटिंग में उच्च विभागीय अधिकारियों के साथ कल्याण योजना का लाभ उठाने वाले लोगों ने भी भाग लिया। मीटिंग में एडवोकेट एवं इंप्रूवमेंट ट्रस्ट लुधियाना के पूर्व चेयरमैन अशोक जुनेजा भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। गौरतलब है कि जुनेजा वरत्मान समय में एफसीआइ के एडवाइजर व कंसल्टंट कमेटी के प्रमुख सदस्य भी हैं। मीटिंग के दौरान जुनेजा ने कहा कि पीएमजीकेएवाय स्कीम केंद्र सरकार की सर्वाधित लाभकारी स्कीम है। 26 मार्च 2020 को कोविड को दौरान शुरु की गई स्कीम का मुख्य उद्देश्य गरीब वर्ग का भला करना है। इस स्कीम के तहत 81.35 करोड़ जरूरतमंदों को पांच किलो आटा, चावल, एक किलों चना, बांटा गया ताकि आपका के इस दौर में कोई भी जरूरतमंद व पिछड़ा भारतीय रात को भूखा न सोए। जुनेजा के अनुसार मार्च 2022 तक केंद्र सरकार द्वारा 147558 क्विंटल सामग्री गरीबों को बांटी जा चुकी है। वर्तमान समय में स्कीम को सितंबर 2022 तक बढ़ा दिया गया है। मींटिंग के दौरान स्टेट गवर्नमेंट एजेंसी पंजाब रेजीमेंट के डीएपएससी वेंस्ट हरवीन कौर, डीएफएससी शेफाली चोपड़ा, पनसप डीएम बनदीप सिंह, पीएसडब्ल्यूसी डीएम एमपी सिंह, मार्कफेड डीएम सुनी सोफत भी उपस्थित रहे।

## चलो एक किताब लिखतें है

चलो मिलकर एक किताब लिखते हैं
जिसमें पन्ने हज़ार लिखते हैं
हर पन्ने पे नयी कहानी होगी
कुछ नयी कुछ पुरानी होगी
महक होगी काग़ज़ों में पुरानी
पर स्याही नई इस्तेमाल करते हैं
चलो मिलकर एक किताब लिखते हैं
हर लफ्ज को मिसरी में घोलेंगे
कुछ नापेंगे कुछ तोलेंगे
अक्षरों की स्याही सुनहरी होगी
हर बात उनमें गहरी होगी
हर पन्ने को सुन्दर सा सजाएंगे
काग़ज़ भी मुलायम लगाएंगे
जल्द भी कुछ ख़ास बनाएँगे
एक गहरी सी फ़ोटो चिपकाएँगे
कुछ नये मायने समझाएँगे
एक सुंदर किताब तैयार होगी
तुम मानो ये लाजवाब होंगी
क्यूँ ना ज़िंदगी की किताब
भी कुछ यूं ही लिखें हम
क्यूं और किसलिए किसी से डरें हम
ज़िन्दगी को भी रंगो सा भरा जा सकता है
हर पन्ना ख़ूबसूरत बनाया जा सकता है
कहीं-कहीं अशको में धूमिल लफ्ज हो सकते हैं
पर अपने भावों क़ो अशकों में भी तो पिरों सकते है
हर पन्ना मुलायम हो सकता है
इक हँसी का लम्हा
दर्द के दाग़ों को धो सकता है
जल्द भी बुलन्द हो सकता है
दूसरों के लिये मिशाल बन सकतीं हैं
चलो लम्हें-लम्हे को सजो लेते हैं
और ज़िंदग़ी इस किताब को नाम देते है।



कोमल अरोड़ा
कवियित्री

# आर्य कालेज में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। आर्य कालेज में शनिवार को 74वीं वार्षिक मीट का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कालेज प्रांगण को बढ़िया तरीके के साथ सजाया गया था। आर्य कालेज मैनेजिंग कमेटी की सचिव सतीशा शर्मा ने कार्यक्रम में संबोधित किया और उन्होंने एथलेटिक मीट का हिस्सा बनने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उनका कहना था कि स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए खेलों में हिस्सा लेना बेहद जरूरी है। कालेज प्रिंसिपल डा. सूक्ष्म आहलूवालिया ने कहा कि विद्यार्थियों की ओवरआल डिवेल्पमेंट के लिए खेलों में बाग लेना जरूरी है। एथलेटिक मीट में 100 मीटर, 200 मीटर, लांग जंप, शाटपुट, जैवलिन थ्रो, आब्स्टेकल रेस इत्यादि कराई गई।

# झुग्गी में सात लोगों की मौत के बाद एनजीटी ने 15 दिन के अंदर मांगी रिपोर्ट

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। ताजपुर रोड स्थित कचरा डंप के पास एक झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत का नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने नोटिस लिया है। एनजीटी चेयरमैन आदर्श गोयल ने कमेटी को जांच के आदेश देते 15 दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। जांच कमेटी सदस्य संत बलवीर सिंह सींचेवाल ने इस मामले की पुष्टि करते कहा कि 27 अप्रैल को घटनास्थल पर पहुंच पूरे मामले की जांच की जाएगी। इस कमेटी की अगुआई जस्टिस जसवीर सिंह करेंगे। सीचेवाल ने कहा कि एनजीटी ने अपने आदेश में कहा है कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कचरे का प्रबंधन करते समय पर्यावरण नियमों को अनदेखा किया जा रहा है। एनजीटी ने 15 दिन के अंदर पूरी रिपोर्ट को मेल करने के लिए कहा है, वहीं एनजीटी ने बड़े शहरों में जहां कचरा डंप किया जाता है, वहां की जानकारी भी एकत्र करने के आदेश दिए है।



## कल कई इलाकों में बिजली बंद रहेगी



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। पीएसपीसीएल की 11 केवी फीडरों की मरम्मत मुहिम के चलते कल 24 अप्रैल रविवार को शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। एक चरण में सुबह 8 से शाम 3 बजे तक बिजली बंद रहने पर प्रभावित क्षेत्रों में सीता नगर, अशोक नगर, हरपाल नगर, शाम नगर, ध्यान सिंह कॉम्प्लेक्स एरिया, बस स्टैंड रोड, भरत नगर चौक एरिया, जवाहर नगर, ननकाना कॉम्प्लेक्स, लेबर कॉलोनी, ईएसआई रोड, कोचर मार्केट एरिया, गांधी कॉलोनी, न्यू मॉडल टाउन, गुरचरन पार्क, साउथ मॉडल ग्राम, रेलवे यार्ड एरिया शामिल रहेंगे।

## कानून व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस को खुले हाथ दे मान सरकार: चन्द्रकान्त चड्ढा



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। शिवसेना बाला साहेब ठाकरे के पंजाब प्रदेश प्रवक्ता चन्द्रकान्त चड्ढा ने प्रेसनोट के माध्यम से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नाम खुला पत्र लिखकर पंजाब में कानून व्यवस्था कायम रखने को लेकर पंजाब पुलिस को खुले हाथ देने की मांग की है। चन्द्रकान्त चड्ढा ने कहा कि बेशक पंजाब में नवनिर्वाचित सरकार लोगों की सुरक्षा व् सहूलत को लेकर काफी सक्रियता से कार्य कर रही है किंतु पंजाब में लगातार हो रही धार्मिक बेअदबी,हत्याएँ,लूट पाट व् चोरी की वारदातों व् विशेषकर देशविरोधी असामाजिक तत्वों की सक्रियता पंजाब में बेहद चिंता का विषय बन चुकी है।चड्ढा ने हाल ही में देश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष समुदाय द्वारा सनातन पर प्रहार की घटनाओं के बाद पंजाब में भी पहले पठानकोट में शिवसेना मुख्यालय के बाहर कट्टरपंथी ताकतों द्वारा देशविरोधी नारे लगाने के कृत्य,भगवान शिव जी की प्रतिमा की बेअदबी करने की घटनाओं को निंदनीय बताया।

### जन्मदिन मुबारक



मुनीष



युवराज सिंह



निशांत सूद



ट्विशा जैन

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# सीआईसीयू के लगातार तीसरी बार प्रेसिडेंट चुने गए उपकार आहूजा













लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स यानि सीआईसीयू के प्रेसिडेंट फिर से उपकार सिंह आहूजा चुन लिए गए हैं। काबिलेजिक्र है कि आहूजा लगातार तीसरी बार इस संस्था के प्रमुख बने हैं। साल 2017 से लगातार उनके पास सर्वोच्च प्रधान पद की कमान होने से उनकी लोकप्रियता में भी बढ़ोतरी हुई है। वहीं विभिन्न कारोबारी संगठनों ने उनको यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई है। जबकि आहूजा ने इस मौके पर भावुक होकर कहा कि वह कारोबारियों के इस भरोसे को कायम रखेंगे। साथ ही उनकी प्रमुख समस्याओं को उचित मंच के माध्यम से उठाते हुए पहल के आधार पर हल कराएंगे।

## आरबीआई ने सेंट्रल बैंक पर ठोका 36 लाख रुपये का जुर्माना

मुंबई / यूटर्न / 23 अप्रैल। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में सभी सदस्यों की चिंता महंगाई को लेकर ही थी। इस चिंता को देखते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि केंद्रीय बैंक को तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों के पुनर्मूल्यांकन के साथ ही उनके अनुरूप कदमों उठाने की जरूरत है। छह से आठ अप्रैल तक हुई बैठक के मिनट्स में यह बात सामने आई है। छह सदस्यीय समिति की बैठक का ब्योरा शुक्रवार को जारी किया गया। बैठक में नीतिगत दरों में बदलाव नहीं करने का फैसला किया गया था। इसके साथ ही RBI ने Central Bank of India पर 36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैठक में एमपीसी के सदस्य और आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर एम देवव्रत पात्रा ने कहा कि इस समय एक चीज का वैश्वीकरण हो रहा है और वह है मुद्रास्फीति यानी महंगाई। उन्होंने कहा था, 'करीब 60 प्रतिशत विकसित देशों में पांच प्रतिशत से अधिक महंगाई है। वहीं आधे से अधिक विकासशील देशों में महंगाई की दर सात प्रतिशत से अधिक है।

आरबीआइ ने इस बैठक में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 5.7 प्रतिशत कर दिया, जबकि फरवरी में इसके 4.5 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान जताया गया था। आरबीआइ ने विकास दर अनुमान भी 7.8 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही RBI ने सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। क्योंकि उसने ग्राहकों के हितों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया था।

## बनारस और ऊधमपुर के लिए चलेगी विशेष ट्रेन




नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर को देश के दूसरे हिस्से से जोड़ने के लिए Indian Railways ने नई ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। इस कड़ी में पूर्व दिशा और जम्मू कश्मीर की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने इन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। बनारस के लिए एक मई और ऊधमपुर के लिए दो मई से विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।

**आनंद विहार टर्मिनल-बनारस विशेष ट्रेन (04052/04051) :** सप्ताह में दो दिन चलने वाली इस विशेष ट्रेन में वातानुकूलित के साथ शयनयान कोच लगाए जाएंगे। एक मई से 27 जून तक आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को रात 11 बजे और बनारस से प्रत्येक सोमवार और शनिवार को शाम साढ़े पांच बजे चलेगी। रास्ते में इसका ठहराव कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, जंघई और भदोही में होगा।

**आनंद विहार टर्मिनल-ऊधमपुर विशेष ट्रेन (04053/04054) :** पूरी तरह से वातानुकूलित यह विशेष ट्रेन दो मई से एक जुलाई तक सप्ताह में दो दिन चलेगी। आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक सोमवार और बृहस्पतिवार को रात 11 बजे और ऊधमपुर से प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को रात 9.40 बजे चलेगी। रास्ते में इनका ठहराव गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, यमुनानगर, जगाधरी, अंबाला छावनी, लुधियाना, जालंधर छावनी, पठानकोट छावनी और जम्मूतवी होगा।

जब यह रेल परियोजना पूरी हुई थी तो कहा गया था कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन रेलवे के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होगी। यह पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए गेम-चेंजर साबित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 22917/22918 बांद्रा टर्मिनस-हरिद्वार एक्सप्रेस में 06 अप्रैल 2022 से एक अतिरिक्त AC 3-टियर कोच जोड़ा गया है।

## राणा कपूर और वधावन बंधुओं पर करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप



नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। प्रवर्तन निदेशालय ने यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर और दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रमोटर कपिल और धीरज वधावन ने संदिग्ध ट्रांजैक्शन के जरिए 5,050 करोड़ रुपए के फंड की हेराफेरी का आरोप लगाया है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राणा कपूर, उनके परिवार, वधावन और अन्य लोगों के खिलाफ हाल ही में विशेष अदालत में दायर आरोपपत्र में यह बात कही। जांच के दौरान पता चला है कि इस मामले में प्रोसीड ऑफ क्राइम (POC) का एक बड़ा हिस्सा राणा कपूर चोरी करके विदेश ले गए। इसलिए मनी लॉड्रिंग एक्ट के प्रोविजन के तहत उसकी सीधे कुर्की नहीं हो पा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपने नई चार्जशीट में दावा किया है कि राणा कपूर, DHFL के प्रमोटर कपिल वधावन, धीरज वधावन और अन्य एक-दूसरे के साथ क्रिमिनल साजिश में भी शामिल थे। ईडी ने बताया कि जांच से पता चला है कि यस बैंक ने अप्रैल 2018 से जून 2018 के बीच DHFL से 3,700 करोड़ रुपए के डिबेंचर खरीदे थे। इसलिए, अमाउंट को DHFL को ट्रांसफर कर दी गई थी। इसके बाद, DHFL ने DOIT अर्बन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (राणा कपूर और उनके परिवार के स्वामित्व वाली एक यूनिट) को 600 करोड़ रुपए का लोन दिया। ये बात भी सामने आई कि यस बैंक ने DHFL शॉर्ट-टर्म डिबेंचर की खरीद के लिए जनता के पैसे का इस्तेमाल किया था। एजेंसी ने कहा कि दूसरी ओर, DHFL ने राणा कपूर को उनकी कंपनी, DUVPL को पर्याप्त कोलैटरल के बिना 600 करोड़ रुपए का लोन देकर मजबूर किया और दावा किया कि कपूर के परिवार के स्वामित्व वाली फर्म को दिए गए लोन पूरे अधिनियम को छिपाने के लिए थे। जांच से पता चला है कि 39.68 करोड़ रुपए कीमत वाली प्रापर्टी पर 600 करोड़ रुपए का लोन दिया गया था। एग्रीकल्चर वाली जमीन से आवासीय प्लॉट बताकर 735 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई कीमत बताई। 9 सितंबर, 1957 को दिल्ली में जन्मे राणा कपूर देश के सफलतम बैंकर्स की लिस्ट में शामिल थे। पढ़ाई के दौरान उन्हें ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से मानद फेलोशिप, रटगर्स यूनिवर्सिटी न्यू जर्सी से प्रेसिडेंट मेडल और जीबी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर से मानद फेलोशिप मिल चुकी है।

## अंबानी ने 'बिग बाजार' से नाता तोड़ा




नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज और फ्यूचर ग्रुप के बीच का सौदा अब खत्म हो गया है। रिलायंस ने आज यानी शनिवार को जानकारी दी कि फ्यूचर ग्रुप के साथ 24713 करोड़ रुपए का सौदा अब आगे नहीं बढ़ सकता है। कंपनी ने बताया है कि ग्रुप के सिक्योर्ड क्रेडिटल्स ने इसके खिलाफ वोट किया है। इसका मतलब यह हुआ कि फ्यूचर ग्रुप की फ्यूचर रिटेल को खरीदने के लिए रिलायंस की खुदरा यूनिट्स के बीच जो 24713 करोड़ रुपए का सौदा हुआ था, वह खारिज हो चुका है। रिलायंस ने रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। मुकेश अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी के मुताबिक फ्यूचर ग्रुप की फ्यूचर रिटेल और अन्य लिस्टेड कंपनियों ने अपने शेयरधारकों व क्रेडिटर्स से डील पर मुहर लगाने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज हो गया। जैसा कि शुक्रवार को फ्यूचर रिटेल लिमिटेड के सिक्योर्ड क्रेडिटर्स ने डील के खिलाफ अपना वोट किया था, जिसके बाद शनिवार को रिलायंस ने इस सौदे से कदम पीछे हटा लिए हैं। फ्यूचर ग्रुप को कर्ज देने वाले क्रेडिटर्स ने रिलायंस इंडस्ट्रीज और फ्यूचर रिटेल असेट के बीच 24,730 करोड़ रुपए के सौदे को खारिज कर दिया था। इस बैठक में सरकारी बैंक के एक अधिकारी ने कहा था कि रिलायंस द्वारा रखी गई अरेंजमेंट स्कीम के खिलाफ सभी क्रेडिटर्स ने वोट किया था।

# विश्व पृथ्वी सप्ताह के तहत बीवीएम-यूएसएन में कराया जागरुकता कार्यक्रम




लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। भारतीय विद्या मंदिर-यूएसएन में सप्ताह भर चलने वाले 'अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस' का समापन समारोह उत्साहपूर्वक कराया गया। पर्यावरण संरक्षण अभियान का उद्देश्य छात्रों को धरा-संरक्षण के विभिन्न तरीकों से परिचित कराते हुए धरती को बचाने, सहेजने और इसकी हरियाली बनाए रखने के विभिन्न तरीकों से छात्रों को परिचित कराना था। छात्र समूह द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर एक मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रों के कलात्मक, सृजनात्मक एवं सौंदर्य कौशल को प्रदर्शित करने हेतु विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, नारा उच्चारण, रोल प्ले, पोस्टर निर्माण, शिशु वाटिका के नन्हे-मुन्नो द्वारा क्ले मॉडलिंग और बॉटल प्लांटर्स आदि शामिल रहे। कक्षा दसवीं की छात्रा शिव्यांशी ने ग्रह को बचाने के लिए छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने के लिए कहा। अपने नाटकीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा पर्यावरण के संरक्षण की गुहार लगाते हुए सभी से पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेने के लिए कहा प्रधानाचार्या श्रीमती रंजू मंगल जी ने धरती माँ के प्रति जिम्मेदारी का स्मरण कराते हुए छात्रों को तेज़ी से घटते प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया।

# आरएस मॉडल सी. सै. स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। आरएस मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बेसमेंट हॉल में स्वामी दयानंद इको क्लब की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान अलग-अलग गतिविधियां करवा कर विद्यार्थियों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर 12वीं क्लास नॉन मेडिकल की स्टूडेंट प्रज्ञा ने पृथ्वी दिवस की उपयोगिता बताते हुए पृथ्वी को हरा भरा बनाने के बारे में जागरूक किया। फिर कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने कविताओं का उच्चारण किया स्टूडेंट के बीच में प्लास्टिक के प्रयोग ना करने के बारे में जागरूकता संदेश दिया गया। इस दौरान मुख्यातिथि जीव विज्ञान की लेक्चर श्रीमती प्रतिभा ठाकुर, स्कूल मैनेजमेंट के डायरेक्टर प्रिंसिपल सुनीता देवगन और मुख्य अध्यापिका श्रीमती शुभ लता ने बच्चों को पौधे भी वितरित किए। साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम को सराहनीय कदम बताया।

# धरती और इंसानों के लिए पेड़ आवश्यक: कोमल जैन



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। धरती के लिए ही नहीं, बल्कि इंसानों के लिए भी पेड़ बहुत आवश्यक हैं और इस वजह से पेड़ों की अहमियत को जानना बहुत ही जरूरी है। यह उक्त पंक्तियां श्री आत्म वल्लभ जैन कालेज के मैनेजिग कमेटी अध्यक्ष कोमल कुमार जैन ने व्यक्त की। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने आस-पास अधिक संख्या में पौधे लगाए ताकि सभी साफ सुथरे वातावरण में सांस ले सकें। इस अवसर पर कालेज स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हुसैनपुरा एवं जसिया के नजदीक रैली भी निकाली। कालेज मैनेजिग समिति एवं प्रिसिपल डा. संदीप कुमार ने देशवासियों को इस दिन का खास महत्व बताते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के साथ -साथ उनकी संभाल सुनिशचित करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर कोमल कुमार जैन, भूषण जैन, रमेश जैन स्वास्तिक, अतुल जैन, संजय जैन इंद्रा, राकेश जैन रोमी, ललित जैन, अनिल जैन, विक्रम जैन, संदीप कुमार आदि शामिल थे।

# दृष्टि स्कूल ने स्टूडेंट्स को कराई अनाज मंडी यात्रा



लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। दृष्टि स्कूल द्वारा स्टूडेंट्स के लिए एक फील्ड विजिट का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को अनाज मंडी की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। छात्रों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और वहां पर कुछ लोगों से प्रश्न भी पूछे। जिसमें छात्रों ने अनाज के बारे में ज्ञान प्राप्त किया।

इससे बच्चों को अनाज मंडी के बारे में अनुभव हासिल किया। इसने उन्हें मार्केटिंग के बारे में सीखने का अवसर दिया और छात्रों के बीच व्यापार की सोच भी पैदा की।

# आत्म पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरुकता समागम हुआ

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। आत्म पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिन की शुरुआत करते हुए सर्वप्रथम आत्म पब्लिक स्कूल की तरफ से विज्ञान अध्यापिका चारू कपूर ने सबको इस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



साथ ही पृथ्वी दिवस को मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दिन का शुभारंभ प्रार्थना सभा से किया गया। विज्ञान विभाग की अध्यापिका सुश्री अमनप्रीत कौर ने पृथ्वी दिवस के इतिहास और उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इस दिन की शुरुआत सर्वप्रथम 1970 में हुई व अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड नेल्सन ने पर्यावरण संरक्षण को पृथ्वी दिवस के रुप में मनाया। जिसका मुख्य उदेश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था।

# शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट ने नवनियुक्त डिप्टी कमिश्नर को शहीद सुखदेव का स्वरूप भेंट किया



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। शहीद सुखदेव थापर मैमोरियल ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने शहीद सुखदेव के वंशज व ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक थापर के नेतृत्व में नवनियुक्त डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक व पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा से मुलाकात कर बधाई दी। अशोक थापर ने आजादी के सात दशक बाद लुधियाना की पहली महिला डिप्टी कमिश्नर बनी सुरभि मलिक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से लुधियाना की महिलाओ में उत्साह देखने व सुनने को मिल रहा है। वहीं उन्हें इससे पहले भी अनेक प्रशासनिक पदों पर कार्य करने के चलते लुधियाना की जनता की जरुरतों व शहर की पूरी जानकारी भी है। डिप्टी कमिश्नर कार्यलय में आने वाले लोगो को लिए गर्मी के मौसम में नींबू पानी की व्यवस्था करने की प्रंशसा करते हुए कहा कि आज वर्षो बाद डिप्टी कमिश्नर कार्यलय जाने पर अपने घर जैसी मेहमानवाजी का अनुभव हुआ। दूसरी तरफ उन्होने पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा को भी लुधियाना में बतौर पुलिस कमिश्नर तैनात होने पर शुभकामनाएं देते हुए कानून व्यवस्था में सुधार के लिए शहर के भीतरी क्षेत्रों में व्यापारी वर्ग की सुरक्षा बढ़ाने सहित अन्य सुझाव दिए वहीं अपनी तरफ से हर तरह के सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर डीआरओ बैस जी, त्रिभूवन थापर, एडवोकेट हिमांशु वलिया, मिकी थापर, ललित वालिया अन्य भी उपस्थित रहे।

# आस एहसास ने पुलिस लाइन्स में मनाया वर्ल्ड अर्थ डे

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। महिलाओं व बच्चों के लिए हमेशा प्रयासरत रहने वाले एनजीओ आस एहसास ने पुलिस लाइन्स स्थित बुक नुक में छोटे बच्चों के साथ वर्ल्ड अर्थ डे मनाया। इस दौरान बुक नुक की एडमिनिस्ट्रेटर श्रुति नंदा और कोऑर्डिनेटर यशिका बुद्धिराजा ने बच्चों से 50 से ज़्यादा पौधे लगवाये और उन्हें इस दिन की महत्वत्ता बताई। इस मौके पर बच्चों ने भी पूरे दिल से धरती की सुरक्षा करने का प्रण लिया और कवितायें सुनाई। इस मौके पर भावना गुप्ता और अंजू वर्मा खास तौर पर उपस्थित रहे। एनजीओ की अध्यक्ष रुचि बावा ने इस मौके पर कहा कि बुक नुक में आने वाले बच्चों के ओवरऑल विकास के लिए हमारी पूरी टीम दिल से मेहनत कर रही है और पढ़ाई के साथ साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटीज में भी उनको ट्रेन किया जा रहा है ताकि उनका सर्वपक्षी विकास होता रहे।




# एनीटइम फिटनेस जिम चंडीगढ़ रोड ने अपनी तीसरी वर्षगांठ मनाई











लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना में एनीटाइम फिटनेस विश्व की प्रमुख जिम चेन है, जिसकी भारत में 100 से ज्यादा शाखाएं हैं।बता दे लुधियाना में इसके तीन जिम है जो कि एक सराभा नगर, एक सिविल लाइन और एक चंडीगढ़ रोड, सेक्टर 32 में है। इसी तरह एनीटइम जिम चंडीगढ़ रोड ने अपनी तीसरी वर्षगांठ पर एक इवेंट का आयोजन किया। जिसका आयोजन जिम डायरेक्टर मनु ग्रोवर, गरिमा ग्रोवर, नवीन ग्रोवर और मीनू ग्रोवर द्वारा किया गया। इवेंट की शुरुआत बिंदिया डांस एकेडमी की बिंदिया सूद द्वारा फन गेम्स और जुंबा सेशन के साथ की। जिसमे उन्होंने जुंबा,भांगड़ा और कई तरह की फन एक्टिविटीज़ भी करवाई। इस दौरान हेल्थ को लेकर कई तरह के टिप्स दिए कि हमे अपने आप को किस तरह डाइट से फिट रखना चाहिए। सेशन के बाद एक केक कटिंग सेरेमनी, फन कंपटीशन और सदस्यों के लिए पुरस्कार एवं सम्मान समारोह भी रखा गया। -फोटो:विशाल ढल्ल

# अमोल लेडीज क्लब की तरफ से 'ढोल जगीरो दा' थीम इवेंट आयोजित











लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना में अमोल लेडीज क्लब की तरफ से फिरोजपुर रोड के एक में होटल में 'ढोल जगीरो दा' थीम पर इवेंट का आयोजन किया गया। इवेंट में सभी सदस्य पंजाबी पहरावे में पहुंचे। इस दौरान मेंबर्स ने ढोल की थाप पर डांस और मस्ती की इसके बाद बोलियों का धमाल रहा जिसमें मेंबर्स ने बोलियां बोल साथ-साथ परफार्मेंस दी। ग्रुप डांस और सोलो डांस भी रहा जोकि पंजाबी गीतों पर रहा। इवेंट में एंकरिग गगन गांधी ने की। अमोल लेडीज क्लब की प्रमुख रुचि भंदुला ने कहा कि क्लब किसी न किसी थीम पर हर माह इवेंट कराता है ताकि मेंबर्स का मनोरंजन हो सके और उन्हे पारंपरिक गतिविधियों की तरफ जोड़ा जा सके। इवेंट में कई सरप्राइज गिफ्टस भी दिए गए।

-फोटो:विशाल ढल्ल

# कंगनवाल सुआ रोड पर ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना में कंगनवाल सुआ रोड पर शनिवार को 25 साल के युवक ने ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। लोगों ने बच्ची की रोने की आवाज सुनकर आरोपी को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। थाना साहनेवाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, झारखंड का मूल निवासी अजीत कुमार फिलहाल कंगनवाल एरिया में रह रहा है। आरोपी अजीत बच्ची को चॉकलेट दिलवाने का बहाना बनाकर बाथरूम में ले गया। बच्ची की मां ने आंगन और बाहर तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इस पर बच्ची की मां ने शोर मचा दिया। इतने में बाथरूम से बच्ची के रोने की आवाज आने लगी। जब वह वहां गई तो उसने देखा कि आरोपी उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म रहा है। बच्ची की मां ने शोर मचाया तो स्थानीय लोग वहां पर जमा हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और बुरी तरह धुन दिया। साथ ही पुलिस को सूचना दे दी। थाना साहनेवाल के एसएचओ इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि आरोपी अजीत कुमार मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। फिलहाल वह कंगनवाल में लेबर क्वार्टर में रहता है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

## 13 वर्षीय किशोर लापता

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। थाना हैबोवाल के अधीन लक्ष्मी नगर इलाके से 13 वर्षीय किशोर नीरज लापता हो गया हा। नीरज के पिता ने पुलिस में दी गई शिकायत में बताया है कि उनका बेटा 18 अप्रैल को शाम साढ़े आठ बजे घर से बिना बताए निकला अभी तक घर नहीं पहुंचा।



शिकायतकर्ता ने बताया कि घर से निकलने से पहले उसका अपने छोटे भाई से झगड़ा होने के कारण उसकी मां ने उसको डांटा और इस कारण से वह गुस्स में गर से कहीं चला गया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार बच्चा सिविल सिटी की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में फ्री हार्ट और मेडिकल कैंप 24 अप्रैल को




लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना के श्री सिद्ध पीठ दण्डी स्वामी मन्दिर में फ्री हार्ट चैकअप व मैडिकल चैकअप कैम्प 24 अप्रैल, रविवार को प्रातः 9 से 2 बजे तक श्री राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में लगाया जा रहा है, जिसमें डी. एम.सी. के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा चेकअप किया जाएगा। जिस में डॉ. जी एस वंडर कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ अभिषेक गोयल कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ रोहित टंडन मेडिकल, डॉ सुरिंदर गुप्ता शुगर, डॉ संदीप शर्मा ई.एन.टी ख़ास तौर पर मरीजों का चेकअप करेगे। इसके साथ मरीजों को फ्री दवाइयां भी दी जाएगी।

# नीति आयोग के वाइस प्रेसिडेंट पद की कमान डॉ. सुमन बेरी को डॉ.राजीव दे चुके इस्तीफा

## योजना आयोग का नाम बदल मोदी सरकार ने 2014 में दिया था नया नाम नीति आयोग

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। अर्थ-जगत से जुड़ा अहम फेरबदल सामने आया है। दरअसल डॉ.राजीव कुमार ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। वह करीब 5 साल तक इस पद पर रहे। डॉ.राजीव कुमार के अपने पद से हटने के बाद अब डॉ. सुमन के.बेरी को नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

**कौन हैं सुमन बेरी :** नीति आयोग के अगले उपाध्यक्ष सुमन बेरी एक जाने-माने अर्थशास्त्री हैं। साथ ही वह वर्ल्ड बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट रह चुके हैं। सुमन बेरी नई दिल्ली स्थित नेशनल काउंसिल ऑफ अप्लायड इकोनॉमिक रिसर्च के 2001 से 2011 तक पूर्व डायरेक्टर जनरल भी रह चुके हैं। बेरी फिलहाल बेल्जियम की राजधानी ब्रूसेल्स में एक इकनॉमिक थिंकटैंक के नॉन रेजिडेंट फेलो के पद पर है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रैजुएशन और प्रिंसंटन यूनिवर्सिटी से मास्टर की डिग्री ली है। सुमन बेरी ने अपने करियर की शुरुआत वर्ल्ड बैंक के साथ की थी, जहां उन्होंने करीब 28 साल तक सेवाएं दी और उसके चीफ इकोनॉमिस्ट बने। इससे पहले वह प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद और भारत के सांख्यिकीय आयोग से लेकर मॉनिटरी पॉलिसी और आरबीआई की बनी तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भी काम कर चुके हैं।






**राजीव थे दूसरे उपाध्यक्ष :** राजीव कुमार नीति आयोग के दूसरे उपाध्यक्ष थे। साल 2014 में पहली बार सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने योजना आयोग का नाम बदलकर नीति आयोग कर दिया था। इसके बाद ही अरविंद पनगढ़िया नीति आयोग के पहले उपाध्यक्ष बने थे।



**पनगढ़िया ने भी दिया था :** यहां गौरतलब है कि पनगढ़िया ने भी अपने पद से इस्तीफा दिया था। उसके बाद राजीव कुमार ने 1 सितंबर, 2017 को नए उपाध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभाला था। बता दें कि नीति आयोग के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। यह आयोग देश के लिए प्रमुख नीति के निर्धारण का काम करती है।

**कौन हैं राजीव :** राजीव कुमार इससे पहले फिक्की के महासचिव थे। साल 1995 से 2005 के दौरान उन्होंने एशियन डेवलपमेंट बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में काम किया। जबकि 1992 से 1995 के दौरान वह वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार भी रहे। करीब 70 वर्षीय राजीव कुमार ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पीएचडी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से डीफिल किया था।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
शनिवार 23 अप्रैल 2022

## खबर जरा हटके

# दुनियाभर में मशहूर हैं भारत के इन राज्यों की मिठाइयाँ

मिठाई खाना तो आपको भी पसंद होगा? जी हां, हमारे देश में हर त्यौहार या जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का जश्न मिठाई के बिना अधूरा है। चाहे लड्डू हो या जलेबी या रसगुल्ला, हर खुशी के मौके पर मिठाई जरूर खाई जाती है। भारत की मिठाइयां देश ही नहीं दुनियाभर में मशहूर हैं। दुनियाभर में विदेशी लोग भी भारतीय मिठाइयों को बड़े चाव से खाते हैं। खाने के मामले में भारत के हर राज्य की अपनी एक अलग और अद्भुत पेशकश होती है। आज के इस पोस्ट में हम आपको भारत के कुछ राज्यों की प्रसिद्ध मिठाइयों के बारे में बताने जा रहे हैं -



### महाराष्ट्र

गणपति बप्पा को भोग के रूप में चढ़ाए जाने वाला मोदक महाराष्ट्र की सबसे फेमस मिठाई है। मैदे या चावल के आटे में गुड़ और ड्राई फ्रूट भरकर इस मिठाई को बनाया जाता है। मराठी में 'मोदा' शब्द का अर्थ होता है सकारात्मकता और खुशी। मोदक खाकर आपको भी इन दोनों का एहसास होगा।

### गोवा

घूमने के शौकीन लोगों की लिस्ट में गोवा टॉप पर आता है। यह जगह न केवल अपने शानदार बीच और नाइट लाइफ के लिए मशहूर है, बल्कि अपने खाने के लिए भी जाना जाता है। अगर बात की जाए मिठाई की तो गोवा का बेबिंका केक देशभर में मशहूर है। आटे, नारियल, अंडे और जायफल से बना यह केक आपको एक बार जरूर ट्राई करना चाहिए।

### उत्तराखंड

अगर आप उत्तराखंड घूमने जा रहे हैं तो वहां की मशहूर बाल मिठाई जरूर खाएं। दूध, खोया, चॉकलेट और शुगर बॉल से बनी यह मिठाई आपको जरूर पसंद आएगी।

### छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ की देहरौरी मिठाई को देशभर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। चावल, काजू, बदाम, दही से बनी इस मिठाई का लाजवाब स्वाद आप भूल नही पाएंगे।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# अखिलेश यादव का साथ छोड़ सकते हैं शिवपाल-आजम-जयंत



उत्तर प्रदेश में क्या एक नया सियासी मोर्चा आकार ले रहा है? जिस तेजी के साथ समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी से दिग्गज नेताओं का मोह भंग हो रहा है, वह यही संकेत दे रहा है कि तमाम दलों के नाराज नेता एकजुट होकर अपनी अलग ताकत बना सकते हैं। इस मोर्चे में शिवपाल यादव, आजम खान, स्वामी प्रसाद मौर्य, दारा सिंह जैसे नेता दिख सकते हैं तो राष्ट्रीय लोकदल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जैसे छोटे-छोटे दलों की भी इसमें हिस्सेदारी हो सकती है। इसकी सुगबुगाहट भी सुनाई देने लगी है। आजकल आजम खान, शिवपाल यादव और रालोद के जयंत चौधरी के बीच काफी नजदीकी देखने को मिल रही है। जयंत चौधरी की रामपुर में आजम खान की पार्टी से मुलाकात और फिर शिवपाल सिंह यादव का अपने समर्थकों के साथ सीतापुर जिला जेल में आजम खां से भेंट करना नये बनते समीकरणों की ओर इशारा करता है। जेल में शिवपाल सिंह यादव और आजम खां की मुलाकात को लेकर कयास का दौर जारी है। यदि नया मोर्चा तैयार होता है तो इसका सबसे अधिक नुकसान समाजवादी पार्टी को उठाना पड़ सकता है। आजम खां जहां मुस्लिमों का बड़ा चेहरा हैं तो शिवपाल यादव की अपनी अलग पकड़ है। पश्चिम में जयंत चौधरी और पूरब में ओम प्रकाश राजभर जैसे नेता सियासी ताकत बटोरेंगे।

उत्तर प्रदेश में जिस तरह से सियासी हालात बदल रहे हैं उससे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर दबाव बढ़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में से एक वरिष्ठ नेता आजम खां बीते दो वर्ष से सीतापुर जिला जेल में बंद हैं। उनके समर्थक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर अनदेखी का आरोप लगाकर लगातार मुखर हैं। इसी बीच राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी तथा प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के कदम से अखिलेश यादव पर दबाव बढ़ गया है। शिवपाल यादव ने आजम से मुलाकात के बाद कहा कि आजम खान की समाजवादी पार्टी मुखिया मदद नहीं कर रहे हैं। आजम के खिलाफ बस एक मुकदमें में जमानत बाकी है जो नहीं हो पा रही है। शिवपाल यादव ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आजम का पक्ष रखेंगे। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोल चुके इटावा के जसवंत नगर से समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव अपने चार दर्जन से अधिक समर्थकों के साथ सीतापुर जेल पहुंचे थे। शिवपाल सिंह यादव ने आजम खां के स्वास्थ्य को लेकर एक दिन पहले भी गहरी चिंता जताई थी और कहा था कि वह सीतापुर जेल में जाकर उनसे मुलाकात करेंगे। उनका आरोप था कि भाजपा सरकार में आजम का काफी उत्पीड़न हो रहा है और उन पर लगातार कई झूठे केस लादे जा रहे हैं।

माना जा रहा है कि शिवपाल सिंह यादव के साथ ही आजम खां भी इन दिनों अखिलेश यादव से नाराज हैं। शिवपाल सिंह यादव तो कई बार सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया दे चुके हैं, जबकि आजम खां ने समर्थकों के माध्यम से अपनी नाराजगी व्यक्त की है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने जेल में आजम खां के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के साथ ही उनसे काफी देर बात की। इनके बीच यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई जब आजम खां के खेमे से लगातार अखिलेश यादव के खिलाफ नाराजगी के सुर उठ रहे हैं। दरअसल, शिवपाल सिंह यादव और आजम खां के समर्थकों ने अखिलेश यादव के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। अखिलेश यादव दो वर्ष में सिर्फ एक बार ही आजम खां से मिलने जेल गए हैं। जिसके कारण आजम खां समर्थक समाजवादी पार्टी से नाराज हैं। इसी बीच औवैसी ने आजम खां को अपनी पार्टी में शामिल होने का न्यौता भी दिया है। कभी शिवपाल सिंह यादव का समाजवादी पार्टी में वर्चस्व कायम था और आजम खां ही सपा के मुस्लिम चेहरा हुआ करते थे। पार्टी में उनकी हैसियत नंबर दो की थी। शिवपाल और आजम खां दोनों ही सपा के कद्दावर नेता माने जाते थे। शिवपाल सिंह यादव ने सपा से अलग होकर अपनी पार्टी बनाई। वह 2022 में समाजवादी पार्टी के विधायक होने के बाद भी बागी रुख अपनाए हुए हैं। इससे पहले बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रामपुर जाकर आजम खां के परिवार के लोगों से मुलाकात की थी।

जयंत ने आजम खां के परिवार से अपना परिवारिक रिश्ता बताया था। इस भेंट के बारे में अखिलेश यादव से पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि हमने जयंत चौधरी को रामपुर नहीं भेजा है। कहीं पर भी आने-जाने और किसी से भी मिलने के लिए वह स्वतंत्र हैं। उनकी पार्टी से हमारी पार्टी का गठबंधन है। बता दें कि फरवरी 2020 से सीतापुर जिला जेल में बंद आजम खां की जेल में बंदी रहने के दौरान कई बार तबीयत खराब हुई थी। कोरोना संक्रमित होने के बाद उनको लखनऊ के मेदांता अस्तपाल में भी भर्ती कराया गया था, लेकिन अखिलेश का उनके प्रति दर्द दिखाई नहीं दिया। उधर, सपा के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि आजम के साथ योगी सरकार नाइंसाफी कर रही है। समाजवादी पार्टी विधान सभा सत्र के दौरान आजम की रिहाई के लिए मुहिम छेड़ेगी।

# पनीर को इस तरीके से करेंगे स्टोर तो महीनों तक नहीं हो सकता है खराब, रहेगा हमेशा फ्रेश

कई लोग पनीर बच्चे जाने के बाद उसे फ्रिज में रख देते हैं लेकिन फिर भी पनीर का स्वाद खराब हो जाता है।ऐसे में आपको पनीर स्टोर करने का सही तरीका पता होना चाहिए। आज हम आपको पनीर को स्टोर करने के ऐसे तरीके बताएंगे जिनकी मदद से आप पनीर को एक महीने तक भी स्टोर करके रख सकते हैं।



पनीर अमूमन हर घर में इस्तेमाल होता है। ज्यादातर लोगों को पनीर पसंद होता है। पनीर की सब्जी परांठे सैंडविच या भुर्जी में बहुत टेस्टी लगते हैं। लेकिन इसे स्टोर करना काफी चैलेंजिंग होता है। कई लोग पनीर बच्चे जाने के बाद उसे फ्रिज में रख देते हैं लेकिन फिर भी पनीर का स्वाद खराब हो जाता है। ऐसे में आपको पनीर स्टोर करने का सही तरीका पता होना चाहिए। आज के इस लेख में हम आपको पनीर को स्टोर करने के ऐसे तरीके बताएंगे जिनकी मदद से आप पनीर को एक महीने तक भी स्टोर करके रख सकते हैं। इससे यह फ्रेश रहेगा और इसका टेस्ट भी खराब नहीं होगा -

### 1- 2 दिनों के लिए स्टोर करने का तरीका

अगर आप पनीर को 1- 2 दिनों के लिए स्टोर करना चाहते हैं तो इसके लिए एक बर्तन या डब्बा लें। अब इसमें पनीर डालें। आपको डिब्बे में इतना पानी भरना है कि पनीर पूरी तरह पानी में डूब जाए। इसके बाद पनीर को फ्रिज के अंदर रख दें। इस तरह से आपका पनीर लगभग 2-4 दिनों तक फ्रेश रहेगा।

### एक हफ्ते के लिए स्टोर करने का तरीका

अगर आप पनीर को पूरे हफ्ते फ्रेश रखना हेतु इसके लिए एक बाउल में पानी लें और इसमें चम्मच नमक डालें। अब इसमें पनीर को डाल दें। ध्यान दें कि बाउल में इतना पानी होना चाहिए कि पनीर इसमें पूरी तरह से डूब जाए। अब इसे ढंक कर फ्रिज में रख दें। हर 2 दिन में बाउल का पानी बदल दें। इस तरह से आप पनीर को 7 से 10 दिनों तक स्टोर कर सकते हैं।

### एक महीने तक स्टोर करने का तरीका

अगर आप पनीर को महीने भर तक स्टोर करके रखना चाहते हैं तो उसके लिए पनीर को टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को एक टीम में रखकर फ्री सर के अंदर रखें। जब पनीर के टुकड़े बर्फ जैसे सख्त हो जाएं तो इन्हें निकाल कर एक जब बैग में डालकर फ्रिजर में ही रख दें। जब भी आपको पनीर इस्तेमाल करना हो तो इसे फ्रिजर से निकाल कर बाहर रख दें। इसके बाद पनीर को गुनगुने पानी में डाल दें, इससे पनीर एकदम सॉफ्ट हो जाएगा। ऐसा करके आप पूरे महीने तक पनीर को स्टोर कर सकते हैं।

# नो बॉल विवाद: ऋषभ पंत, शार्दुल ठाकुर पर लगा जुर्माना, सहायक कोच भी हुए सस्पेंड

मुंबई / यूटर्न: दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुक्रवार को हुए मुकाबले में नो-बॉल विवाद पर दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत, शार्दूल ठाकुर और प्रवीण आमरे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हुई है। कप्तान पंत पर मैच फीस का 100% जुर्माना और शार्दूल ठाकुर पर मैच फीस का 50% का जुर्माना लगाया गया है।

इसके साथ ही प्रवीण आमरे पर एक मैच का बैन लगा दिया गया है। वहीं पंत ने अपने स्टैंड को सही बताया। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए पंत ने कहा कि स्टेडियम में मौजूद तमाम लोगों ने देखा कि तीसरी गेंद नो बॉल थी। अगर उसे नो बॉल दिया जाता तो मैच का नतीजा बदल सकता था। जब अंपायर उस मामले को थर्ड अंपायर को रेफर करने को तैयार नहीं हुए, तब पंत ने अपने बल्लेबाजों को मैच छोड़कर वापस आने को कहा था। पंत ने कहा- राजस्थान के गेंदबाज हमारी पारी में अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। लेकिन, रोवमैन पॉवेल ने आखिरी ओवर की पहली तीन गेंदों पर छक्का जमाकर मैच में हमारी वापसी करा दी थी। तीसरी गेंद काफी अहम थी। अगर वह नो-बॉल होती तो आगे कुछ भी हो सकता था। हम चाहते थे कि थर्ड अंपायर रीप्ले देखकर फैसला करें। आखिरी ओवर में दिल्ली को जीत के लिए 6 गेंदों



पर 6 छक्कों की जरूरत थी। रॉवमैन पावेल ने ओबेड मकॉय के इस ओवर की पहली तीन गेंदों पर तीन छक्के जमा दिए। सारा विवाद तीसरी गेंद को लेकर हुआ। पावेल ने जब गेंद को हिट किया तब वह कमर से ऊपर दिखाई दे रही थी। इस तरह नियम के तहत, उसे नो-बॉल दिया जाना चाहिए था। अंपायर ने ऐसा नहीं किया और न ही मामले को थर्ड अंपायर को रेफर किया।

ग्राउंड अंपायर्स नितिन मेनन और निखिल पटवर्धन का मानना था कि गेंद नो बॉल नहीं थी। दिल्ली के डगआउट में मौजूद कप्तान पंत और कोच प्रवीण आमरे का मानना था कि गेंद कमर से ऊपर थी और उसे नो-बॉल दिया जाना चाहिए। अंपायर के फैसले से नाराज पंत ने अपने बल्लेबाजों को ग्राउंड से वापस आने को कह दिया। बल्लेबाज वापस भी आने लगे थे। इसके बाद कोच आमरे अंपायर के पास गए, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। वे चाह रहे थे कि अंपायर कम से कम मामले को थर्ड अंपायर के पास रेफर करें। हाइट वाली नो बॉल थर्ड अंपायर को रेफर करने का कोई नियम नहीं है, इसलिए ग्राउंड अंपायर्स ने तीसरी गेंद पर थर्ड अंपायर के पास चेक करने के लिए नहीं भेजा। इस पर RCB और ऑस्ट्रेलियाई टीम के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भी ट्वीट किया और लिखा- अंपायर हर गेंद पर फ्रंट फुट के लिए नो बॉल चेक करते हैं, लेकिन हाई फुल टॉस चेक नहीं कर सकते?

## मीडिया से चेहरा छुपाती दिखीं पलक तिवारी

टेलीविज़न की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने 'बिजली बिजली' गाने से धमाकेदार म्यूजिकल डेब्यू किया। अपने डेब्यू के बाद से ही पलक किसी न किसी वजह से सुर्खियों में छायी रही हैं। पलक



तिवारी ने सबसे ज्यादा उस समय सुर्खियां बटोरी थी जब वह अभिनेता सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ कार में बैठी नजर आयी थीं। इस दौरान पलक बुरी तरह से मीडिया के कैमरों से अपना चेहरा छुपा रही थी जिसकी वजह से उनके और इब्राहिम के अफेयर की अफवाहें भी उडी थीं। अब इस बात को लेकर हाल ही में पलक तिवारी ने काफी चौंकाने वाला खुलासा किया है। पलक तिवारी ने बीते दिन सिद्धार्थ कन्नन को दिए अपने इंटरव्यू में इब्राहिम अली खान के साथ स्पॉट किये जाने पर खुलकर बात की।

पलक ने कहा कि मैं और इब्राहिम अच्छे दोस्त हैं। यह सब अफवाहें थी इसलिए मैंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। हम बाहर थे और हमें साथ में स्पॉट किया गया। बस इतना ही था। वास्तव में, हम अकेले नहीं थे हमारे साथ और भी लोग थे। मीडिया से चेहरा छुपाने की बात पर पलक ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि मेरी माँ मुझे पैप तस्वीरों के जरिये ट्रैक करती रहती है।

## दीपिका ने शेयर की तस्वीरें



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपनी एक्टिविटी के चलते सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहती हैं। वो अक्सर मानसिक स्वास्थ्य और समसामायिक मुद्दों पर अपने विचार साझा करती रहती हैं। अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वेनिस से एक कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर की है, जो काफी अलग हटकर हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस की कुछ तस्वीर ब्लर हैं, जिसमें उन्हें देखा मुश्किल हो रहा है। इन फोटोज में एक्ट्रेस एक पेड़ के पास खड़े होकर पोज देती हुई दिख रही हैं, लेकिन फोटोज में उनका चेहरा ठीक से नहीं दिख रहा है। दीपिका की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं, एक्ट्रेस की फोटोज पर उनके पति रणवीर सिंह ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और उनकी जमकर तारीफ की है। आपको बता दें, हाल ही में एक्ट्रेस 59वें वेनिस बिएननेल में भाग लेने वेनिस गई हैं। जहां वो फ्रांसीसी लक्जरी ब्रांड लुई वीटन द्वारा आयोजित डिनर में हिस्सा लेने पहुंची थी। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो मोस्ट अवेटेड फिल्म पठान में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में शाह रुख खान मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। हालांकि दीपिका की भूमिका के बारे में फिल्म निर्माताओं ने खुलासा नहीं किया है। पठान ने शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण के अलावा अभिनेता जॉन अब्राहम भी नजर आने वाले हैं। ये फिल्म अगले साल जनवरी में गणतंत्र दिवस वीकेंड के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पठान के अलावा एक्ट्रैस प्रोजेक्ट के, द इंर्टन, फाइटर में भी मुख्य किरदार भूमिका में नजर आने वाली हैं। 'प्रोजेक्ट के' में वो प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। तो वहीं, 'फाइटर' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगी।

## दुल्हन की तरह सजीं जान्हवी



अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने बुधवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट ब्राइडल फोटोशूट की कुछ शानदार तस्वीरें शेयर कीं। यह ब्राइडल फोटोशूट जान्हवी ने एशियन मैगजीन खुश के अप्रैल कवर पेज के लिए करवाया है। तस्वीरों में अभिनेत्री डिज़ाइनर तरुण तहिलियानी के इटरनल डॉन कलेक्शन के ब्राइडल लहँगे पहनें नजर आ रही हैं। जान्हवी कपूर काफी कम समय में अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रही है। जान्हवी अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने फैशन चॉइस से भी लोगों को अपना दीवाना बना चुकी हैं। अभिनेत्री अपने स्टाइलिश अवतार की वजह से हमेशा ही इंटरनेट पर छायी रहती हैं। इस समय भी अभिनेत्री अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरों की वजह से इंटरनेट पर ट्रेंड कर रही हैं। अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने बुधवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट ब्राइडल फोटोशूट की कुछ शानदार तस्वीरें शेयर कीं। यह ब्राइडल फोटोशूट जान्हवी ने एशियन मैगजीन खुश के अप्रैल कवर पेज के लिए करवाया है। तस्वीरों में अभिनेत्री डिज़ाइनर तरुण तहिलियानी के इटरनल डॉन कलेक्शन के ब्राइडल लहँगे पहनें नजर आ रही हैं। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने इस तस्वीर में सोलह कली वाला लहंगा क्रिस्टल डिटेल वाले ऑफ-शोल्डर ब्लाउज के साथ पहना हुआ है। इस लहंगे में बहुरंगी फूलों की हाथ से कढ़ाई की गयी है। लहंगे के इस सेट को एक कशीदाकारी ट्यूल दुपट्टा के साथ पूरा किया गया है।

खुद बोलती तस्वीर



शपनिल बधान

बंग्लादेश स्थित खुलाना के आर्टिस्ट शपनिल बधान के कलर-पेंसिल स्कैच में दिखी 'विराट-दीवानगी'...

## गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में फहराए गए 77 हजार 700 तिरंगे

पटना / यूटर्नः बिहार ने अमित शाह की मौजूदगी में 77 हजार 700 तिरंगे फहराकर पाकिस्तान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर भोजपुर के जगदीशपुर में यह रिकॉर्ड बनाया गया। इससे पहले ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था। इस कार्यक्रम में 5 मिनट तक झंडा फहराया गया।

अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय के जयघोष से की। उन्होंने जगदीशपुर की धरती को युगपुरुषों की धरती बताते हुए कहा, 'हेलिकॉप्टर से मैंने देखा कि यहां से पांच-पांच किमी तक लोगों के हाथ में तिरंगा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल से ज्यादा लोग रोड पर वंदे मातरम् और भारत माता की जय बोल रहे हैं। वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा, 'इतिहास ने बाबू कुंवर सिंह के साथ अन्याय किया। उनकी वीरता के अनुरूप उन्हें जगह नहीं दी गई। आज बिहार की जनता पलक पांवड़े बिछाकर उनका नाम एक बार फिर से अमर कर रही है। 58 साल से अनेक प्रकार की रैलियों में गया हूं, लेकिन आरा में राष्ट्रभक्ति का ये उफान देखकर निःशब्द हूं। ऐसा कार्यक्रम जीवन में कभी नहीं देखा। 1857 के सेनानियों की स्मृति में स्मारक बनाया जाएगा इस दौरान उन्होंने कुंवर सिंह की स्मृति में जगदीशपुर में उनकी भव्य स्मारक बनाने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री आरके सिंह की मांग पर सहमति देते हुए कहा कि 1857 के सेनानियों की स्मृति में स्मारक बनाया जाएगा। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी 123 करोड़ लोगों का मुफ्त टीकाकरण नहीं करते तो न जाने कितने लोग कोरोना महामारी से मारे जाते। अमीर तो वैक्सीन लगवा लेते, लेकिन दलित, आदिवासी, शोषित कहां लगवाते। लेकिन मोदी जी ने दो टीका मुफ्त लगवाकर सुदर्शन का सुरक्षा चक्र बनवाने का काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, 'उनके शासनकाल को याद कराना जरूरी है। बिहार में जंगलराज को भूल सकते हैं क्या। यही बिहार था जहां सरे राह हत्या होती थी। बिजली नहीं पानी नहीं। जाति के नाम पर भेदभाव। कोई योजना नहीं।



### ड्रोन कैमरे से हो रही है रिकॉर्डिंग

इससे पहले एक साथ 57,500 राष्ट्रीय ध्वज फहराने का वर्ल्ड रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम दर्ज था। भोजपुर में कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग ड्रोन कैमरे से कराई जा रही है। इसके अलावा जिन-जिन लोगों के हाथ में राष्ट्रीय ध्वज है, उनका फिंगर प्रिंट भी लिया गया। जिससे नए रिकॉर्ड को पुख्ता किया जा सके। इससे पहले पटना एयरपोर्ट पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का CM नीतीश कुमार ने स्वागत किया। उनके साथ BJP प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल भी मौजूद रहे। BJP के कई और नेताओं ने भी उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर अमित शाह और नीतीश कुमार के बीच बैठक हुई। 10 मिनट की मीटिंग के बाद शाह आरा के जगदीशपुर के लिए रवाना हुए।

बहुगुणा की किताब पर बवाल

## सांसद ने लिखा- पिता ने इंदिरा से मतभेद के कारण कांग्रेस छोड़ी थी

लखनऊ / यूटर्नः कई किताबें इतिहास के अहम दस्तावेज होती हैं, लेकिन कई नए विवादों को भी जन्म दे देती हैं। ऐसा ही विवाद रीता बहुगुणा जोशी की लिखी किताब से सामने आ रहा है। प्रयागराज से भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने स्वर्गीय पिता और उत्तर प्रदेश के पूर्व CM हेमवती नंदन बहुगुणा जोशी के जीवन पर एक किताब लिखी है। 325 पेज की किताब 'हेमवती नंदन बहुगुणाः भारतीय जनचेतना के संवाहक' में कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री समेत तमाम नेताओं का जिक्र है। हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस के बड़े नेता थे, बावजूद इसके उनका पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से कई मुद्दों पर मतभेद रहता था। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह से भी गहरे मतभेदों को इस किताब में जगह दी गई है। इतना ही नहीं, संजय गांधी, अमिताभ बच्चन और केंद्रीय मंत्री रहीं राजेंद्र कुमारी बाजपेई की कहानियों ने सवाल खड़े किए हैं। यह किताब विमोचन से पहले ही सुर्खियों में है और विवादों में भी। कांग्रेस नेता हेमवती नंदन बहुगुणा का इंदिरा गांधी से मतभेद खुलकर सामने आने के बाद 1980 में उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी।



## देश को निशाना बनाने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने में नहीं हिचकेगा भारतः राजनाथ सिंह

गुवाहाटी / यूटर्नः गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीमा पार आतंकी सरगनाओं को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत को निशाना बनाने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। भारत पहले ही यह संदेश दे चुका है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा। मौजूदा वक्त में बांग्लादेश से घुसपैठ बंद हो गई है। पूर्वी सीमा पर शांति और स्थिरता बरकरार है क्योंकि बांग्लादेश मित्र राष्ट्र है। 1971 युद्ध के वीरों के सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सीमा पार से देश को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में नहीं हिचकेगा। इस बार इंडो-चाइना के टकराव के समय मैंने अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को देखा। मेरा भरोसा पक्का हो गया है कि दुनिया की कितनी बड़ी ताकत हो वह भारत माता के शीश को झुका नहीं सकती है।



राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार देश से आतंकवाद का सफाया करने के लिए काम कर रही है। भारत पहले ही यह संदेश देने में सफल रहा है कि आतंकवाद से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि देश को बाहर से निशाना बनाया जाता है तो हम सीमा पार करने से नहीं हिचकिचाएंगे। भारत पश्चिमी सीमा पर जिस तनाव का अनुभव कर रहा है वह पूर्वी सीमा पर मौजूद नहीं है।

पूर्वी सीमा पर शांति कायम है क्योंकि बांग्लादेश एक मित्र देश है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हाल ही में असम के 23 जिलों से अफ्सपा को पूरी तरह हटाया गया है। मणिपुर और नगालैंड के 15-15 पुलिस थानों से भी अफ्सपा हटाया गया है। यह इस इलाके में आई शांति और स्थिरता के कारण ही संभव हो पाया है। इसमें पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों की जितनी सराहना की जाए कम है। पहले एक भ्रांति थी कि सेना हमेशा AFSPA को लागू रखना चाहती है।

## इमरान ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को किया तबाहः नवाज शरीफ

लंदन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने हाल ही में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये सत्ता से बेदखल हुए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके कारण देश की अर्थव्यवस्था तबाह हुई है। लंदन में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ संवाददाता सम्मेलन में नवाज ने भी इमरान की सत्ता परिवर्तन में विदेशी साजिश के आरोप को खारिज किया। समाचारपत्र द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, नवाज ने कहा, 'क्या आप परमाणु विस्फोट में संलिप्त थे? आपके खिलाफ विदेशी साजिश क्यों होगी?' नवाज शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने कहा कि इमरान खान को पाकिस्तान पर थोपा जाना सबसे बड़ी साजिश थी। पाकिस्तान में आर्थिक तंगी और गरीबी की मार के चलते देश के हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। खस्ता अर्थव्यवस्था के हार को देखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज ने इमरान खान और उनकी पार्टी को आड़े हाथों लिया।



नवाज ने कहा कि अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पाकिस्तान की सभ्यता भी पूरी तरह से तबाह हो गई है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को विदेशी कर्ज पर एक रिपोर्ट जारी की।

### लखनऊ नगर निगम के 119 कर्मियों पर होगी कार्रवाई

लखनऊ / यूटर्नः ड्यटी पर समय से न पहुंचने वाले नगर निगम के 119 कर्मियों की मुसीबत बढ़ सकती है। अब कर्मचारियों को एप 311 के साथ-साथ रजिस्टर में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 16 अप्रैल को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी को निरीक्षण में नगर निगम मुख्यालय में 25 फीसदी ये कर्मचारी सुबह सवा दस बजे अपनी सीट पर नहीं मिले थे। 16 अप्रैल को सुबह 10.10 बजे नगर निगम मुख्यालय के अभियंत्रण विभाग के कमरा नंबर 40 में वरिष्ठ लिपिक कैसर रजा, विष्णुजी तिवारी, सत्येंद्र कुमार, पंकज वर्मा सुखदेव, आनंद मिश्र अनुराग शुक्ला और सभी अनुचर अनुपस्थित पाए गए थे।

## रूस ने 24 घंटे में खार्किव पर किए 56 हमले

कीव/मास्को। रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। कई शहर तबाह हो गए हैं। हजारों सैनिकों की मौत हो गई है। इसी बीच यूक्रेन ने दावा किया है कि इसके सैनिकों ने जंग की शुरूआत से अब तक 854 रूसी टैंक तबाह कर दिए हैं। इधर, रूस ने खार्किव पर एक दिन में 56 हमले किए हैं। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके बलों ने यूक्रेन के खार्किव में एक एसयू-25 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। इसके अलावा तीन एमआई-8 हेलीकॉप्टरों को तबाह कर दिया। यूक्रेन पर रूसी हमले को 60 से अधिक दिन हो चुके हैं, लेकिन दोनों देशों के बीच जंग लगातार जारी है। यूक्रेन ने दावा किया है रूस लगातार स्टील कारखानों पर बमबारी कर रहा है। इस बीच तुर्की ने बड़ा दावा किया है। तुर्की ने कहा है कि 48 घंटे के भीतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की इंस्ताबुल में मुलाकात हो सकती है। तुर्की के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने कहा- हमें उम्मीद है कि अगले 48 घंटे में रूस और यूक्रेन के बीच जंग थम जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष जल्द मिलकर समस्या को सुलझाएंगे। हम दोनों देश के नेताओं के संपर्क में हैं।



Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma